
## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 13.08.2025 को जिलाधिकारी महोदय, सहारनपुर की अध्यक्षता में आहूत बैठक का कार्यवृत्त –

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 13.08.2025 को जिलाधिकारी महोदय, सहारनपुर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत की गयी जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, सहारनपुर।
2. मो0 हाशिम, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
3. श्री योगेश कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
4. श्री राम दत्त, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
5. श्री शैंकी देव, सहायक अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, सहारनपुर।
6. श्री दुष्यन्त कुमार, अवर अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
7. श्री सौरभ कुमार गुप्ता, अवर अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
8. श्री पंकज चावला, अवर अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
9. श्री अमित कुमार, अवर अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, सहारनपुर।
10. श्री शीलम शंकर, टीम लीडर, मै0 आरवी एसोसिएटस् (TPI), सहारनपुर।
11. श्री भंवर सिंह, महाप्रबन्धक, मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, सहारनपुर।
12. श्री एच0पी0 सिंह, महाप्रबन्धक, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, सहारनपुर।
13. श्री सचिन कुमार, परियोजना प्रबन्धक, मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, सहारनपुर।
14. श्री सुधीर कुमार, परियोजना प्रबन्धक, मै0 जी0ए0 बाबा इन्फ्रा (जे0वी0), सहारनपुर।
15. श्री आकिब खान, परियोजना प्रबन्धक, मै0 जी0ए0 बाबा इन्फ्रा (जे0वी0), सहारनपुर।

उक्त बैठक में अधिशासी अभियन्ता, द्वारा एजेन्सी वार जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया। बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा 18 नग पेयजल योजनाये जिनमें भूमि उपलब्ध होने के पश्चात भी वर्तमान तक कोई निर्माण कार्य प्रारम्भ नही किया गया है उनमें सम्बन्धित फर्मो को तत्काल कार्य प्रारम्भ कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम / मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)




MS/D:\SRE Of. Wo./Le.23/DM.M.\S

Scanned with OKEN Scanner

भूमि अनुपलब्धता/भूमि विवाद

- **मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 :–** जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 के परियोजना प्रबन्धक को उपलब्ध करायी गयी 05 नग पेयजल योजनाओं क्रमशः बास्तम, लुकादरी, सन्दलहेडी, लखनौती खुर्द एवं शेरपुर गुर्जर पेयजल योजनाओं के ग्रामों में तत्काल प्रभाव से बोरिंग मशीन लगाते हुये नलकूप छिद्रण का कार्य प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया है।
- **मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0 :–** फर्म मै0 एन0के0जी0 के वरिष्ठ परियोजन प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि 15 नग पेयजल योजनाओं पर भूमि उपलब्धता सुनिश्चित होने के सापेक्ष 03 नग पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किये गये है जिस पर जिलाधिकारी महोदय ने नाराजगी व्यक्त करते हुये शेष 12 नग पेयजल योजनाओं पर शीघ्र कार्य प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया।
- **मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी :–** जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी को उपलब्ध करायी गयी 02 नग पेयजल योजनाओं में उपलब्ध करायी गयी भूमि पर निर्माण कार्य प्रारम्भ ने करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर को फर्म के साथ समन्वय स्थापित करते हुये कार्यस्थल पर शीघ्र बोरिंग मशीन लगाकर बोरिंग के कार्य प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)**

पम्प हाउस :–

- **मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0** :– फर्म के परियोजना प्रबन्धक श्री सचिन कुमार द्वारा पम्प हाउस के सम्बन्ध में 120 नग पेयजल योजनाओं के ग्रामों में भूमि उपलब्ध सुनिश्चित होने के उपरांत 114 नग पेयजल योजनाओं पर चल रहे पम्प हाउस के निर्माण कार्य की प्रगति के विषय में अवगत कराया जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा शेष 05 नग पेयजल योजनाये जिन पर निर्माण कार्य प्रारम्भ नही किये गये एव निर्माणाधीन 01 नग पेयजल योजना पम्प हाउस के निर्माण कार्य बन्द है पर दिनांक 31.08.2025 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।
- **मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0** :– अधिशासी अभियन्ता द्वारा फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0 द्वारा किये गये 293 नलकूप छिद्रण के सापेक्ष 169 पेयजल योजनाओं के ग्रामों में पम्प हाउस के निर्माण कार्यो की प्रगति के विषय में अवगत कराया गया है जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा पम्प हाउस के निर्माण कार्य में पिछले 01 माह में प्रगति न होने के सम्बन्ध में नाराजगी व्यक्त की एवं फर्म के वरिष्ठ परियोजना प्रबन्ध को 62 नग पेयजल योजनाओं में पम्प हाउस के निर्माण कार्य प्रारम्भ करने एवं 48 नग अधूरे एवं 12 नग निर्माणाधीन पम्प हाउस के निर्माण कार्य दिनांक 31.08.2025 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।
- **मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी** :– अधिशासी अभियन्ता महोदय द्वारा 241 नग पेयजल योजनाओं पर टयूबवैल का कार्य पूर्ण होने के उपरांत 223 नग पेयजल योजनाओं पर पम्प हाउस के निर्माण कार्य पूर्ण होने 12 नग पेयजल योजनाओं पर निर्माणाधीन पम्प हाउस एवं 06 नग पेयजल योजनाओं पर पम्प हाउस के निर्माण कार्य प्रारम्भ न होने के स्थित से जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी को शेष 06 नग पेयजल योजनाओं में पम्प हाउस के निर्माण कार्य प्रारम्भ करने हेतु एवं निर्माणाधीन 12 नग पम्प हाउस के निर्माण कार्य दिनांक 31.08.2025 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)**

MS/D:\SRE Dt. Wo./Le.23/DM.M.\6

Scanned with OKEN Scanner

बाउन्ड्रीवॉल :–

- **मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 :–** जिलाधिकारी महोदय द्वारा 120 नग पेयजल योजनाओं पर भूमि उपलब्धता सुनिश्चित होने एवं नलकूप छिद्रण का कार्य पूर्ण करने के सापेक्ष 114 नग पेयजल योजनाओं पर बाउन्ड्रीवॉल का कार्य पूर्ण किये जाने के सम्बन्ध में अवशेष 06 नग पेयजल योजनाओं पर शीघ्र अतिशीघ्र बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है।
- **मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0** :– मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0 के वरिष्ठ परियोजना प्रबन्धक द्वारा 293 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 221 नग पेयजल योजनाओं पर बाउन्ड्रीवॉल के कार्य पूर्ण एवं 05 नग पेयजल योजनाओं पर बाउन्ड्रीवॉल के कार्य निर्माणाधीन होने की स्थिति से अवगत कराया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के वरिष्ठ परियोजना प्रबन्धक को शेष 67 नग पेयजल योजनाओं में शीघ्र अतिशीघ्र बाउन्ड्रीवॉल के कार्य पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया।
- **मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी :–** मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी के परियोजना प्रबन्धक श्री सुधीर कुमार द्वारा 241 नग पेयजल योजनाओं पर टयूबवैल कार्य पूर्ण करने के उपरांत दिनांक 12.08.2025 तक 212 नग पेयजल योजनाओं पर बाउन्ड्रीवॉल के कार्य पूर्ण एवं 02 नग पेयजल योजनाओं की निर्माणाधीन बाउन्ड्रीवॉल, 13 नग पेयजल योजनाओं में बाउन्ड्रीवॉल के निर्माण कार्य प्रारम्भ न होने एवं 14 नग पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य रूके होने की स्थिति से अवगत कराया जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त करते हुये उक्त कार्यो को दिनांक 31.08.2025 तक पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद में चयनित फर्मो द्वारा कराये जा रहे कार्यो की धीमी प्रगति होने के कारण असंतोष व्यक्त किया गया तथा धीमी प्रगति के सम्बन्ध में प्रमुख सचिव महोदय, नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उ0प्र0 लखनऊ को पत्र प्रेषित करने हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)**

पाईप लाईन :–

- **मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0** :– फर्म के परियोजना प्रबन्धक श्री सचिन कुमार द्वारा पम्प हाउस के सम्बन्ध में 120 नग पेयजल टयूबवैल के सापेक्ष 113 नग पेयजल योजनाओं पर पाईप लाईन बिछाने के कार्य पूर्ण, 01 नग पेयजल योजनाओं में पाईप लाईन बिछाने के कार्य के प्रगति एवं 05 नग पेयजल योजनाओं की अधूरी पडी पाईप लाईन होने की प्रगति के विषय में अवगत कराया जिलाधिकारी महोदय द्वारा उक्त प्रगति



Scanned with OKEN Scanner

के सम्बन्ध में असंतोष व्यक्त करते हुये पाईप लाईन बिछाने के अवशेष कार्यो को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

- **मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0 :–** मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0 के वरिष्ठ परियोजना प्रबन्धक द्वारा 293 नग पेयजल योजनाओं पर टयूबवैल का कार्य पूर्ण करने के उपरांत दिनांक 12.08.2025 तक 183 नग पेयजय योजनाओं पर पाईप लाईन बिछाने का कार्य पूर्ण होने, 13 नग पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रगति में होने तथा 77 नग पेयजल योजनाओं पर कार्य रूके होने तथा 20 नग पेयजल योजनाओं पर पाईप लाईन बिछाने न बिछाने की स्थिति से अवगत कराया जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0 के वरिष्ठ परियोजना प्रबन्धक को 97 पेयजल योजनाओं के ग्रागों में शीघ्र अतिशीघ्र वितरण प्रणाली का बिछाने हेतु निर्देशित किया गया।
- **मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी :–** अधिशासी अभियन्ता द्वारा 241 नग पेयजल योजनाओं पर टयूबवैल का कार्य पूर्ण करने के उपरांत दिनांक 12.08.2025 तक 182 नग पेयजल योजनाओं पर पाईप लाईन बिछाने का कार्य पूर्ण करने के उपरांत 02 नग पेयजल योजनाओं में कार्य प्रगति, 54 नग पेयजल योजनाओं पर कार्य रूके होने तथा 03 पेजयल योजनाओं में कार्य प्रारम्भ न करने की स्थिति से अवगत कराया गया। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के परियोजना प्रबन्धक श्री सुधीर कुमार को मैन पावर बढाते हुये अवशेष पेयजल योजनाओं के कार्य शीघ्र प्रारम्भ करने एवं ससमय पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा अग्रिम बैठक में लोक निर्माण विभाग के समस्त अधिशासी अभियन्ताओं को बैठक में प्रतिभाग करने हेतु सूचित करने के निर्देश दिये गये। तथा ऐसे समस्त प्रकरणों में जिनमें पाईप लाईन बिछाने हेतु लोक निर्माण विभाग की सड़क तोडने की आवश्यकता है उनका विवरण संलग्न कर जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से सम्बन्धित लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता को पत्र प्रेषित किया जाये।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)**

<u>अवर जलाशय :–</u>

- **मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 :–** फर्म के महाप्रबन्धक श्री भंवर सिहं एवं परियोजना प्रबन्धक श्री सचिन कुमार द्वारा पम्प हाउस के सम्बन्ध में 120 नग पेयजल योजनाओं में टयूबवैल का कार्य पूर्ण करने सापेक्ष दिनांक 12.08.2025 तक 28 नग पेयजल योजनाओं पर अवर जलाशय के निर्माण कार्य पूर्ण होने, 05 नग पेयजल योजनाओं में निर्माणाधीन कार्य, 31 नग पेयजल योजनाओं में अधूरे कार्य एवं 56 नग पेयजल योजनाओं में अवर जलाशय के निर्माण कार्य प्रारम्भ न होने की स्थिति से अवगत कराते हुये धनाभाव के कारण कार्यो की धीमी प्रगति एवं कार्यो के रूके हाने विषय में अवगत कराया। उक्त प्रगति से जिलाधिकारी



Scanned with OKEN Scanner

महोदय द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया एवं फर्म के महाप्रबन्धक को शासन स्तर को धनावंटन हेतु पत्र प्रेषित कराने हेतु निर्देशित किया गया।

- **मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0 :–** अधिशासी अभियन्ता द्वारा 293 नग पेयजल योजनाओं पर टयूबवैल का कार्य पूर्ण करने के उपरांत फर्म द्वारा 11 नग पेयजल योजनाओं पर अवर जलाशयों के निर्माण कार्य पूर्ण करने, 07 नग पेयजल योजनाओं में निर्माणाधीन अवर जलाशय, 38 नग पेयजल योजनाओं में अधूरे एवं 237 नग पेयजल योजनाओं में अवर जलाशय के निर्माण कार्य प्रारम्भ न होने की स्थिति से अवगत कराया जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के वरिष्ठ परियोजना प्रबन्धक श्री एच0पी0सिंह0 को अवशेष कार्यो को पूर्ण कराने एवं कार्य प्रारम्भ न होने वाले अवर जलाशय के कार्यो को शीघ्र प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया।

- **मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी :–** अधिशासी अभियन्ता द्वारा 241 नग पेयजल योजनाओं पर टयूबवैल का कार्य पूर्ण होने के सापेक्ष 55 नग पेयजल योजनाओं पर अवर जलाशयों के कार्य पूर्ण होने, 13 नग पेयजल योजनाओं में निर्माणाधीन अवर जलाशय, 70 नग पेयजल योजनाओं में अधूरे अवर जलाशय एवं 103 नग पेयजल योजनाओं में अवर जलाशय के निर्माण कार्य प्रारम्भ न होने की स्थिति से जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराते हुये फर्म के पास उचित मैनपावर न होने की स्थिति से अवगत कराया गया। उक्त सन्दर्भ में जिलाधिकारी महोदय द्वारा असंतोष व्यक्त करते हये फर्म के परियोजना प्रबन्ध श्री सुधीर कुमार को समुचित मैनपावर की व्यवस्था करते हुये अवशेष कार्यो को पूर्ण कराने, 103 नग पेयजल योजनाओं में शीघ्र अतिशीघ्र अवर जलाशय के निर्माण कार्य प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0 के शेष 237 नग पेयजल योजनाओं में अवर जलाशय के निर्माण कार्य प्रारम्भ न होने के सम्बन्ध में अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)**

<u>सड़क पुर्नस्थापना :–</u>

- **मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 :–** फर्म के महाप्रबन्धक श्री भंवर सिहं एवं परियोजना प्रबन्धक श्री सचिन कुमार द्वारा 113 नग पेयजल योजनाओं में पाईप लाईन बिछाने का कार्य पूर्ण करने के उपरांत 64 नग पेयजल योजनाओं के ग्रामों में सडक पुर्नस्थापना के कार्य पूर्ण किये जाने, 06 नग पेयजल योजनाओं में सड़क पुर्नस्थापना के कार्यो के प्रगति में होने तथा धनाभाव के कारण 19 नग पेयजल योजनाओं के ग्रामों में अधूरे सड़क पुर्नस्थापन के कार्य एवं 24 नग पेयजल योजनाओं में सड़क पुर्नस्थापना के निर्माण कार्य प्रारम्भ न होने की स्थिति से अवगत कराया जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के महाप्रबन्धक को शासन स्तर से धनावंटन करने हेतु पत्र प्रेषित करने निर्देशित किया गया।

MS/DASRE Of. Wo./Le.23/DM.M.19

Scanned with OKEN Scanner

- **मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0** :– अधिशासी अभियन्ता द्वारा 183 नग पेयजल योजनाओं पर पाईप लाईन का कार्य पूर्ण करने के उपरांत 91 नग पेयजल योजनाओं पर सड़क पुर्नस्थापन के कार्य पूर्ण, **24 नग पेयजल योजनाओं में सड़क पुर्नस्थापना के कार्यो के प्रगति में होने**, 07 नग पेयजल योजनाओं में कार्य अधूरे होने तथा 61 नग पेयजल योजनाओं में सड़क पुर्नस्थापना के निर्माण कार्य प्रारम्भ न होने की स्थिति एवं फर्म के पास उचित मैनपावर न होने की स्थिति से अवगत कराया। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के कार्यो की प्रगति के सम्बन्ध में असंतोष व्यक्त करते हुये , **24 नग पेयजल योजनाओं में सड़क पुर्नस्थापना के कार्य शीघ्र अतिशीघ्र पूर्ण करने** एवं, 61 नग पेयजल योजनाओं में सड़क पुर्नस्थापना के कार्य प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया है।
- **मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी** :– अधिशासी अभियन्ता द्वारा 182 नग पेयजल योजनाओं पर पाईप लाईन का कार्य पूर्ण करने के उपरांत 128 नग पेयजल योजनाओं पर सडक पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण होने, **12 नग पेयजल योजनाओं में सड़क पुर्नस्थापना के कार्यो के प्रगति में होने**, 11 नग पेयजल योजनाओं में अधूरे सड़क पुर्नस्थापन के कार्य तथा 31 नग पेयजल योजनाओं में सड़क पुर्नस्थापना के निर्माण कार्य प्रारम्भ न होने की स्थिति से अवगत कराया जिलाधिकारी महोदय द्वारा 42 नग पेयजल योजनाओं में तोडी गयी सड़को के पुर्नस्थापन का कार्य दिनांक 31.08.2025 तक पूर्ण करवाने हेतु निर्देशित किया गया है।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)

(सचिन कुमार)
मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0
सहारनपुर

(एच0पी0 सिंह)
मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0
सहारनपुर

(शीलम शंकर)
टीम लीडर, मै0 आरवी एसोसिएटस् **(TPI)**,
सहारनपुर

(सुधीर कुमार)
मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0)
सहारनपुर

(योगेश कुमार)
सहायक अभियन्ता,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
सहारनपुर

(मो0 हाशिम)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
सहारनपुर

(सुमित राजेश महाजन)
मुख्य विकास अधिकारी
सहारनपुर

(मनीष बंसल)
जिलाधिकारी
सहारनपुर

MS/D:\SRE Of. Wo./Le.23/DM.M.\10

Scanned with OKEN Scanner